छतरपुर और बड़वानी कलेक्टर ‘मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार’ से सम्मानित

चर्चा में क्यों?

7 नवंबर, 2022 को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित समारोह में छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर और बड़वानी कलेक्टर शिवराज सिंह को प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) में पूरे मध्य प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये ‘मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार’से सम्मानित किया।

प्रमुख बिंदु

- छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर को प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) ग्रामीण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये, जबकि बड़वानी कलेक्टर शिवराज सिंह को प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) शहरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये ‘मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार’से सम्मानित किया गया है।
- कार्यक्रम में दोनों कलेक्टरों को पुरस्कार के साथ ही दोनों ज़िलों के लिये 10-10 लाख रुपए की नकद राशि भी प्रदान की गई।
- छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर के नेतृत्व में ज़िले ने पीएमएवाई के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र लाभार्थियों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिये राज्य भर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।
- संदीप जीआर ने बताया कि पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने उन्हें उज्जैन में ज़िला परिषद के सीईओ के रूप में तैनात रहने के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये पीएमएवाई-ग्रामीण में राज्यस्तरीय पुरस्कार भी प्रदान किया था।
- संदीप जीआर के छतरपुर ज़िले के कलेक्टर बनने के बाद से ज़िला विभिन्न क्षेत्रों में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। यह पिछले 7 महीनों से सीएम-हेल्पलाइन निपटान में शीर्ष पाँच रैंकिंग में है और पिछले तीन महीनों से देश में एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम (एडीपी) में तीसरे स्थान पर है।
- छतरपुर को भारत सरकार के नीति आयोग के एडीपी में देश के 112 सबसे अविकसित **(Underdeveloped)** ज़िलों में शामिल किया गया है।
- मध्य प्रदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को केंद्र सरकार की पीएमएवाई और पीएम स्वनिधि (स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि) योजनाओं के तहत सीएम के उत्कृष्टता पुरस्कारों के लिये चुना गया है, जिसमें बड़वानी ज़िले ने राज्य में पीएमएवाई-शहरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।
- उल्लेखनीय है कि आशाग्राम ट्रस्ट परिसर में 1980 से कुष्ठाश्रम में रहने वाले कुष्ठ रोगियों के लिये बड़वानी कलेक्टर शिवराज सिंह द्वारा 66 आवास स्वीकृत किये गए हैं और झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र अगरिया फलिया में 29 परिवारों को भी पीएम आवास प्रदान किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhatarpur-and-barwani-collectors-honoured-with-chief-minister-excellence-award